हर जनम में दाता तेरा साथ चाहिए

हर जनम में दाता तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे दाता तेरा हाथ चाहिए,
सिलसिला ये टूटना नहीं चाहिए,
मुझको मेरी भक्ति का इनाम चाहिए,
हर जन्म में बाबा तेरा साथ चाहिए।।

मेरी आंखों में तुम समाए हो,
सारी दुनिया में सबसे प्यारे हो,
मुझको तेरे प्यार की बरसात चाहिए,
मुझको बस इतनी सी सौगात चाहिए,
हर जन्म में बाबा तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे बाबा तेरा हाथ चाहिए।।

मेरी दुनिया को तुम बसाए हो,
मेरे जीवन को तुम सजाए हो,
नाम तेरा होंठो पे दिन रात चाहिए,
जिक्र हो तेरा ही ऐसी बात चाहिए,
हर जन्म में बाबा तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे बाबा तेरा हाथ चाहिए।।

मुझपे तेरी कृपा यूँ कम ना है,
फिर भी इक छोटी सी तमन्ना है,
जीते जी एक तुमसे मुलाकात चाहिए,
हर कदम पे बाबा तेरा प्यार चाहिए,
हर जन्म में बाबा तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे बाबा तेरा हाथ चाहिए।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27858/title/har-janam-me-data-tera-saath-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |